लोक सभा अध्यक्ष सूरत में दिव्यांग भवन पहुंचे और बच्चों से मुलाकात की

सूरत, 13 अक्टूबर, 2022: अपने सूरत प्रवास के दौरान लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला दिव्यांग भवन पहुंचे और बच्चों से मुलाकात की।

इस दौरान श्री बिरला ने बच्चों से पूछा क्या बनोगे? किसी ने कहा कम्प्यूटर इंजीनियर तो कोई बोला पुलिस। बच्चों की मासूमियत से श्री बिरला बहुत प्रभावित हुए। बाद में, एक ट्वीट संदेश में श्री बिरला ने कहा कि:

"सूरत के दिव्यांग भवन में बच्चों के साथ बिताए यह क्षण मुझे सदा याद रहेंगे। उनकी मासूमियत, उनका भोलापन दिल में बस गया। शारीरिक चुनौतियां हैं, लेकिन उनका सामना करने का हौसला उससे भी बड़ा है। बच्चों खूब पढ़ो, बढ़ो, उन्मुक्त गगन में बेफिक्र उड़ान भरो, हम हर पल तुम्हारे साथ हैं।"